प्रेस नोट थाना उत्तर दिनांक 03-09-2024 जनपद फिरोजाबाद ।

थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए विभिन्न स्थानों से मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 02 शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी के 07 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा राह चलते व्यक्तियों एवं जगह – जगह भीड़ भाड वाले स्थानों से लोगों को चकमा देकर मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले के 02 नफर अभियुक्तगण 1. गुलशन जाटव पुत्र ब्रजेश कुमार निवासी मौहल्ला गंज थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 26 वर्ष 2.शिव सागर पूरनचन्द जाटव निवासी मौहल्लागंज थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 25 वर्ष को दिनांक 02.09.2024 को गोपाल नगर कालौनी खाली प्लॉट के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद चोरी के मोबाइल के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0-592/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व मु0अ0स0 -594/24 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत है । गिरफ्ताशुदा अभियुक्तगण को सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

घटना का संक्षिप्त विवरण ....

उपरोक्त अभियुक्तगण से पूछताछ की गयी तो दोनों अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम दोनों दोस्त हैं। हम लोग जगह –जगह से जैसे धार्मिक स्थल , हॉस्पीटल, बस स्टैण्ड , रेलवे स्टेशन या जहाँ कहीं भी बाजार, मेला लगता है एवं भीड़ भाड़ रहती है वहाँ उस भीड-भाड वाले इलाकों में जाकर लोगों को चकमा देकर उनकी जेब से मोबाइल चोरी कर लेते हैं और राह चलते लोगों को औने पौने दाम मे बेचकर अपने शौक मौज पूरे करते हैं। जब हमारे पैसे खत्म हो जाते है तो फिर से हम लोग यही काम करते हैं तथा शहर में रोड़ पर मोटर साइकिलों से घूमते रहते हैं। सून सान जगह देखकर मौके मिलते ही राह चलते लोगों से मोबाइल झपट्टा मारकर कर भी भाग जाते हैं। हम लोगों ने अब तक काफी मोबाइल चोरी किये हैं। कौन सा मोबाइल कहाँ से चोरी किया है यह हमें याद नहीं है। हम दोनों एक साथ चोरी करते हैं। आज हम चोरी किये गये मोबाइलों की बिक्री व हिस्सा बाँट के लिये गोपालनगर कालोनी में खाली प्लॉट की बाउंड्री में बैठकर बँटवारा कर रहे थे कि आप पुलिस वालों ने हमको पकड़ लिया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. गुलशन जाटव पुत्र ब्रजेश कुमार निवासी मौहल्ला गंज थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 26 वर्ष
2. शिव सागर पूरनचन्द जाटव निवासी मौहल्लागंज थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 25 वर्ष

आपराधिक इतिहास अभियुक्त गुलशन जाटव

1. मु0अ0स0-592/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 -594/24 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त शिवसागर

1. मु0अ0स0 640/2021 धारा 366 भादवि थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 1523/2016 थाना 60 एक्साइज एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0-592/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 -594/24 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण

1. 07 अदद मोबाइल अलग – अलग कम्पनी के (कीमत करीब 01 लाख 45 हजार रुपये)
2. 01 अदद मो0सा0 पल्सर नं0- UP 83 BB 0632

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 विजय गोस्वामी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0प्र0 स्वप्निल कश्यप थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
4. है0का0 200 अशोक कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 722 अजीत सिंह थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
6. है0का0 161 देवेन्द्र सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 743 सत्यवीर सिंह थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
8. का0 171 अजीत सोलंकी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 581 इस्तिकार अहमद थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।